सर्वपल्ली राधाकृष्णन संस्थान में मनाई गांधी जयंती

अनंत ज्ञान



आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर। सर्वपल्ली राधाकृष्णन बीएड/एमएड एवं डिग्री कॉलेज, बालना (नोगली) में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती श्रद्धा, उत्साह और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआ, जिससे पूरा सभागार भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। इसके बाद महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।

मुख्यातिथि डॉ. पंकज बसोटीया तथा विशेष अतिथि सेवानिवृत्त एसएम एवं ऑनरेरी लेफ्टिनेंट जगत शर्मा ने कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस अवसर पर ए.के. गोस्वामी, दीपक, आत्मा राम, डॉ. टीडी वर्मा, डॉ. राजेश नेगी और डॉ. अनिल वर्मा सहित अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के जीवन, स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान, सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों, स्वच्छता, सादगी तथा राष्ट्रसेवा पर आधारित विभिन्न प्रस्तुतियां दीं।

प्रधानाचार्य डॉ. सीमा भारद्वाज ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने अपने जीवन और कर्मों से यह सिद्ध किया कि सत्य और अहिंसा की शक्ति से बड़े से बड़ा परिवर्तन संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों से गांधी जी के आदर्शों को केवल भाषणों और आयोजनों तक सीमित न रखते हुए दैनिक जीवन में उतारने का आह्वान किया। उन्होंने स्वच्छता, अनुशासन, सत्यनिष्ठा और सामाजिक जिम्मेदारी को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने पर बल दिया। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार शर्मा ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रहित, सामाजिक सद्भाव, सेवा और जिम्मेदारी की भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

गांधी के सत्य-अहिंसा के संदेश से गूंजा सर्वपल्ली सभागार



कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि व अधिकारी।

सवेरा न्यूज, रामपुर बुशहर, 2 अक्तूबर : सर्वपल्ली राधाकृष्णन बीएड/एमएड एवं डिग्री कॉलेज बालना में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने गांधी जी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सादगी और राष्ट्रसेवा के विचारों को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआ। इसके बाद महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। विद्यार्थियों ने गांधी जी के जीवन, स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान और उनके विचारों पर आधारित विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने अपने वक्तव्यों के माध्यम से सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों के साथ स्वच्छता, सादगी और राष्ट्रसेवा के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. पंकज बसोटिया तथा विशेष अतिथि सेवानिवृत्त एसएम/ऑनरेरी लेफ्टिनेंट जगत शर्मा उपस्थित रहे। इनके अलावा एके गोस्वामी, दीपक, आत्मा राम, डॉ. टीडी वर्मा, डॉ. राजेश नेगी और डॉ. अनिल वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सर्वपल्ली राधाकृष्णन संस्थान में गांधी जी के आदर्शों को किया याद

गांधी जयंती के अवसर पर विद्यार्थियों ने पेश किए देशभक्ति के कार्यक्रम

रामपुर बुशहर। सर्वपल्ली राधाकृष्णन बीएड, एमएड एवं डिग्री कॉलेज बालना, नोगली में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अतिथियों ने गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सादगी और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को याद किया।

कार्यक्रम में पीजी कॉलेज रामपुर के प्राचार्य डॉ. पंकज बसोतिया बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। विशेष अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त एसएम ऑनरेरी लेफ्टिनेंट जगत शर्मा ने शिरकत की। संस्थान के विद्यार्थियों ने गांधी के जीवन, स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान और उनके विचारों पर आधारित विभिन्न प्रस्तुतियां दीं।

उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले देश भक्तों पर आधारित कार्यक्रम पेश किए। वक्ताओं ने कहा कि सत्य, अहिंसा, प्रेम, सहिष्णुता, स्वच्छता और सेवा के गांधीवादी विचार आज भी प्रासंगिक हैं। प्रधानाचार्य डॉ. सीमा भारद्वाज ने विद्यार्थियों से गांधी जी के आदर्शों को केवल आयोजनों और भाषणों तक सीमित न रखने का आह्वान किया।

संस्थान के अध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार शर्मा ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रहित, सामाजिक सद्भाव, स्वच्छता और सेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इ

स मौके पर एके गोस्वामी, दीपक, आत्मा राम, डॉ. टीडी वर्मा, डॉ. राजेश नेगी और डॉ. अनिल वर्मा सहित संस्थान के शिक्षक, गैर-शिक्षण कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद रहे। संवाद

कार्यक्रम सर्वपल्ली राधाकृष्णन संस्थान में गांधी जयंती पर सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और राष्ट्रसेवा के संदेश को किया याद

गांधी के आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प

दिव्य हिमाचल ब्यूरो - रामपुर बुशहर

सर्वपल्ली राधाकृष्णन बी.एड./एम.एड. एवं डिग्री कॉलेज, बालना (नोगली) में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकगणों एवं गणमान्य अतिथियों ने गांधी जी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सादगी और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआ। इसके बाद महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। कायक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डा. पंकज बसोटीया तथा विशेष अतिथि



रामपुर: सर्वपल्ली राधाकृष्णन संस्थान में गांधी जयंती पर उपस्थित गणमान्य

सेवानिवृत्त एसएम/ऑनरेरी लेफ्टिनेंट जगत शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर एके गोस्वामी, दीपक, आत्मा राम, डा. टीडी वर्मा, डा. राजेश नेगी और डा. अनिल वर्मा सहित अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के जीवन, स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान और उनके विचारों पर आधारित विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। वक्तव्यों के माध्यम से विद्यार्थियों ने सत्य और अहिंसा, स्वच्छता, सादगीपूर्ण जीवन तथा राष्ट्र के प्रति समर्पण के महत्व को रेखांकित कियां। संस्थान की प्रधानाचार्य डॉ. सीमा भारद्वाज ने विद्यार्थियों से गांधी जी के आदर्शों को केवल आयोजनों तक सीमित न रखने का आह्वान किया। उन्होंने स्वच्छता, अनुशासन, सत्यनिष्ठा और सामाजिक जिम्मेदारी को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर बल दिया। संस्थान के अध्यक्ष डा. मुकेश कुमार शर्मा ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रहित, स्वच्छता, सामाजिक सद्भाव, सेवा और जिम्मेदारी की भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की अतिथियों ने सराहना की। पूरे कार्यक्रम के दौरान सभागार में राष्ट्रभक्ति एवं सामाजिक चेतना का वातावरण बना रहा। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर संस्थान के शिक्षकगण, गैर-शिक्षण कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।